Tel. & Fax : 01564-220200
Web : www.mgcsrdr.com
Email : officekdgd@gmail.com

Smt. Kamla Devi Gauridutt Mittal Mahila Mahavidyalaya

Sardarshahar – 331403, Churu (Rajasthan)
Sponsored by Mittal Charities, Mumbai
Approved by NCTE & DCE, Raj. Affiliated To M.G.S. University, Bikaner & Recognized by UGC (2F & 12B)

Date :- 31.01.2023

—:: प्रेस नोट ::—

सरदारशहर। श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में चल रहे है सांस्कृतिक सप्ताह 'उत्सव' के दूसरे दिन मंगलवार को समूह गायन एवं एकल नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्राओं ने नृत्य में राजस्थानी संस्कृति एवं धरोहर को चरितार्थ करती भावभीनी प्रस्तुतियाँ दीं।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ० मृत्युंजय कुमार पारीक ने सोमवार को आयोजित आशुभाषण प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा की। इसके अन्तर्गत बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की छात्रा अवधेश कंवर राठौड़ तथा बी.एससी. बी.एड. चतुर्थ वर्ष की छात्रा हिमांशु शर्मा ने संयुक्त रूप से प्रथम, बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा खैरूनिशा खान तथा बी.एससी. बी.एड. चतुर्थ वर्ष की छात्रा महक सोनी ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा भावना प्रजापत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार सामूहिक गायन प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष के पहल ग्रुप ने प्रथम, बी.कॉम. द्वितीय वर्ष के ट्विनिंग ग्रुप एव बी.एससी. बी.एड. चतुर्थ वर्ष के क्रिएटिव ग्रुप ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा बी.ए. तृतीय वर्ष के राघव ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं खेलकूद सप्ताह के अन्तर्गत आयोजित शॉटपुट प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा सुमन सिद्ध ने प्रथम, बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा कुमकुम सोनी ने द्वितीय तथा बी.ए. बी.एड. तृतीय वर्ष की छात्रा रेखा सिद्ध ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार कैरम प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्राएं सलोनी राजपुरोहित एवं ऋतु पारीक विजेता तथा बी.ए. बी.एड. चतुर्थ वर्ष की छात्राएं प्रीति स्वामी एवं कान्ता सारण उपविजेता रही। प्राचार्य डॉ० मृत्युंजय कुमार पारीक ने विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं के प्रयासों की सराहना कीं।

संलग्न :– फोटो।

31/01/23
(डॉ० मृत्युंजय कुमार पारीक)
प्राचार्य

Principal
Smt. Kamla Devi Gauridutt Mittal
Mahila (PG) Mahavidyalaya
Sardarshahar

SMT. KAMLA DEVI GAURIDUTT MITTAL
MAHILA (P.G.) MAHAVIDYALAYA
Sardarshahar (Churu) Raj.
Quality Assurance Cell